<u>Hindi</u>

प्रश्न 1. नीचे दिए गए गद्यांश में से रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

<u>एक</u> बंदर नदी के <u>पास</u> रहता था। पेड़ पर <u>चढ़कर</u> वह खूब जामुन <u>खाता</u> था। जामुन <u>खट्टे</u> होते तो उन्हें <u>नीचे</u> फेंक देता था। फिर जाकर नदी का <u>ठंडा</u> पानी पी लेता था। नदी के पास एक <u>लड़का</u> गाय को चरा रहा था। वह अपनी <u>बहन</u> से बोला – मुझे <u>जल्दी</u> घर <u>जाना</u> है नहीं तो माँ नाराज़ हो जाएँगी फिर मुझे <u>अच्छा</u> नहीं लेगगा।

प्रश्न 2. निम्नलिखित कविता को कंठस्थ करके कक्षा में सुनाइये :

''सपनों की उड़ान''

जिंदगी की राहों में राह बदलकर देखो।
हंसकर जिंदगी का एक दिन जीकर देखो।।
बुरी राह तो कोई भी पकड़ लेगा।
जिंदगी की सुनहरी राह थामकर तो देखो।।
बुरी संगति तो किसी को भी पकड़ लेती।
एक अच्छा इंसान बनकर तो देखो।।
निराशा तो अकसर हाथ लगती है।
जिंदगी में आशा का दीप जलाकर तो देखो।।
सपने यूं तो सभी देखते है।
उन्हें अपनी नज़र से साकार करके तो देखो।।
बदलते हुए वक्त में खुद एक अच्छा इंसान बनकर तो देखो।।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वर्ण से तीन–तीन शब्द बनाइये :

प्र – ....

स्व – ....

ज्ञ – ....

ग्र – ....